मुल्क के लैजिस्लेचर का मेम्बर न हो, सिटिजन आफ़ इंडिया हो, वगैरह। इस का मतलब साफ़ यह है कि आफ़िस आफ़ प्राफिट को लेने वाला भी उसी जुमरे में आयेगा, जिसमें इन दूसरी डिसक्वालिफ़िकेशन्ज़ को रखने वाला आयेगा। जिन डिसक्वालिफ़िकेशन्ज़ का मैंने जिक्र किया है, वे एक से एक आला डिसक्वालिफ़िकेशन्ज़ हैं। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इससे बढ़ कर कोई डिसक्वालिफ़िकेशन नहीं है कि एक आदमी यहां पर चुन कर आये और यहां पर पूरी आज़ादी के साथ काम न करे और यह ख्याल करे कि गवर्नमेंट का कोई मेम्बर मुझे किसी कमेटी का मेम्बर बना देगा, कोई आफ़िस आफ़ प्राफिट दे देगा, जो कि मुझे इनफ़लुएन्स, इज़्ज़त और पेट्रनेज देगा। इससे गवर्नमेंट भी खराब हो जाती है अगर वह यह ख्याल करती है कि हमको इस तरह से किसी आदमी की सपोर्ट मिल सकती है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि ये दोनों बातें हमारे देश की बरबादी का कारण हैं। इसलिये ऐसे किसी आदमी को गवर्नमेंट नहीं हटा सकती है, जिसके बारे में यह कहा जाय कि वह इन डिसक्वालिफ़िकेशन्ज़ के नीचे आ गया है। उस को सिर्फ़ प्रेज़िडेंट हटा सकता है— और असल में प्रेज़िडेंट भी उस को नहीं हटा सकता है, उसका तो सिर्फ़ नाम रखा गया है। इस आर्टिकल में कहा गया है कि इस सिलसिले में इलेक्शन कमीशन की राय प्रेज़िडेंट के लिये काबिले-पाबन्दी होगी। मामला फ़ौरन इलेक्शन कमीशन के पास आयगा और उस की राय प्रेज़िडेंट को कबूल करनी पड़ेगी और उसके मुताबिक यह करार देना पड़ेगा कि उस शख्स को आफ़िस आफ़ प्राफ़िट मिला है या नहीं। इस बात को इतना अहम समझा गया कि कांस्टीट्यूशन में यह प्राविज़न रखा गया और ये अहकामात साबर किये गये।

हमारे सामने तीन बिल आये, जिनका कि मैंने जिक्र किया है। उन तीनों बिलों से सारे मेम्बरान और पब्लिक ग़ैरमुतमईन थी, क्योंकि उन बिलों में लम्बी चौड़ी एग्ज़ेम्शन्ज़ दी गई थीं। वे एग्ज़ेम्शन्ज़ इतनी ज़बर्दस्त थीं कि गवर्नमेंट के हाथ बड़े खुले हुये थे कि वह जिसको सीट्यूस करना चाहे, करे—वह मेम्बर सीट्यूस हो या न हो, यह अलग बात है। जो मेम्बर किसी ऐसे आफ़िस को कबूल करता है, वह हाउस का मेम्बर रहने का अख्तियार नहीं रख सकता। बहरहाल, ये तीन बिल सेटिसफ़ेक्टरी नहीं थे। इसलिये एक कमेटी मुकर्रर की गई, जिसको यह काम सौंपा गया कि वह रिपोर्ट करे कि क्या कमियां हैं, वे किस हद तक जाते हैं और उनको किस हद तक नहीं जाना चाहिये। उस कमेटी ने एक्सटेंशन भी हासिल की और एक साल में अपना काम पूरा कर दिया और अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। वह रिपोर्ट हाउस के सामने है। सवाल यह पैदा होता है कि जिस ग़रज़ से वह रिपोर्ट की गई है, वह ग़रज़ पूरी हुई या नहीं। इस बिल को देख कर मुझे यह कहने में ज़रा भी ताम्मुल नहीं है कि गवर्नमेंट ने इस कमेटी की सिफ़ारिशों की परवाह नहीं की, जितनी कि उसे करनी चाहिये थी और उस कमेटी के अग़राज़ पूरे नहीं हुये, क्योंकि गवर्नमेंट ने इस बिल में इस मामले को इस तरह देखा जो कि कमेटी की राय के मुताबिक नहीं था। अगर यह एक्ट पास हो जाता, तो देश में एक ऐसी खराबी होती, जिसको हम ध्यान में नहीं ला सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारे ला मिनिस्टर साहब और गवर्नमेंट इस बात का खास तौर पर ख्याल रखेंगे कि यह मामला ऐसा है, जिसमें नानआफ़िशियल ओपीनियन का पूरा दखल होना चाहिये और यह देखना चाहिये कि हम अपनी पार्लियामेंट को पाक और साफ़ रखें।

जब मैं इस बिल की तरफ़ देखता हूं तो मालूम होता है कि कई बातों के बारे

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

में गवर्नमेंट ने कमेटी की राय को न सिर्फ़ कबूल नहीं किया, बल्कि उसके कतई बरखिलाफ़—उस की डिफ़ायेन्स में—कई चीजें रखी हैं, जिसको आम तौर पर बहुत से मेम्बर साहबान पसन्द नहीं करेंगे और कंट्री भी पसन्द नहीं करेगा।

सबसे बड़ी बात, जिस की मैं नुक्ता-चीनी करना चाहता हूं और जिसको सिलेक्ट कमेटी खास तौर से देखे, यह है कि असल मन्शा इस कमेटी के बनाने का, असल मन्शा हमारे स्पीकर साहब का और उन मेम्बर साहबान का, जो कि उनकी खिदमत में हाजिर हुये थे, यह था कि एक ऐसा शिड्यूल बना कर रखा जाय, जिस में कि आफ़िस आफ़ प्राफ़िट की तारीफ़ की जाय और बताया जाय कि ये ये आफ़िसिज आफ़ प्राफ़िट हैं। अगर कोई शख्स उनमे से किसी को पहले से होल्ड कर रहा है, तो वह पार्लियामेंट के लिये खड़ा नहीं हो सकता है और अगर वह खड़ा हो कर कामयाब हो जाता है, तो पार्लियामेंट में कायम नही रह सकता है। यह बात सब को मालूम होनी चाहिये। जब तक यह मालूम न हो, तब तक उस शख्स का क्या कसूर है, जो कि असलियत को नहीं जानता है और जो खड़ा होता है और कामयाब हो कर यहां आ कर बैठ जाता है? इसलिये सबसे पहली जरूरत इस बात की है कि यह एसरटेन किया जाय कि आफिस आफ प्राफिट क्या है और उनको शिड्यूल मे दाखिल किया जाय और यह प्रोवाइड कर दिया जाय कि आगे के लिये ये ये अशखास खड़े नही हो सकते हैं। जब तक यह नही होता है, तब तक आफ़िस आफ़ प्राफ़िट्स का कानून मुकम्मल नहीं हो सकता है। यही चीज है, जिसको गवर्नमेंट ने ज़ाहिर करने से परहेज किया है। स्टेटमेंट आफ़ आबजेक्ट्स एंड रीजन्स में उस ने कहा है कि हम शिड्यूल नहीं बना सके हैं, क्योंकि हमारे सामने प्रैक्टिकल डिफ़ीकल्टीज थीं। लेकिन गवर्नमेंट ने यह नहीं देखा कि जो कमेटी मुकर्रर की गई है, उसने महीनों बैठ कर कम से कम दो सौ कमेटीज के कांस्टीच्यूशन्ज देखे और, जहां तक उस के इल्म में आ सका, पूरी मालूमात की कि किस तरह से शिड्यूल बनाया जाय और शिड्यूल बनाने की कोशिश की।

कमेटी की तीन सब-कमेटिया बनाई गई और उन कमेटियों ने रिपोर्ट की। वे रिपोर्ट मुफस्सल तौर पर शाया कर दी गईं और चन्द एक कमेटिया ऐसी करार दी गईं, जिनकी मेम्बरशिप लेने से कमेटी की राय मे किसी शख्स को डिसक्वालिफ़ाई किया जा सकता है। मुझे खुशी है कि इस बारे में मेरे हाथ मजबूत हो गये हैं। रिपोर्ट के पार्ट बी, सफ़ा २३५ से २७४ तक उन तेरह कमेटियों के बारे मे हमने अर्ज किया था कि उन कमेटीज की मेम्बरशिप आफ़िस आफ़ प्राफिट में आ जायगी। इस बिल की रू से यक-कलम वे सब कमेटिया ऐसी करार दी गईं जिनकी मेम्बरशिप डिसक्वालिफ़ि-केशन एनटेल नही करेगी। विलायत के एक्ट में यह करार दिया गया है कि इस किस्म की कमेटीज की मेम्बरशिप जरूर डिसक्वालिफ़िकेशन होगी। मैं विलायत के एक्ट पर इस लिये जोर देता हूं कि हमारी पार्लियामेंट, हमारे पार्लियामेंटरी इंस्टीच्यूशन्ज, चाहे हम माने या न माने, उनमें अच्छाई हो या न हो, उन बातों पर बेस्ड हैं, जो कि मदर आफ़ पार्लियामेंट्स ने सैकड़ों, हजारों बरसों के तजुर्बे के बाद कबूल की हैं। पहले शिड्यूल में वह लिस्ट दी गई, जिन की मेम्बरशिप से कोई शख्स आफ़िस आफ़ प्राफ़िट होल्ड करता हुआ माना जायगा और इसलिये डिसक्वाली-फ़ाइड हो जायगा। मैं चाहता हूं कि सिलेक्ट कमेटी खुद बैठ कर नये सिरे से इन को आफ़िस आफ़ प्राफ़िट करार दे।

मैंने जायंट कमेटी की तजवीज पेश की थी। स्पीकर साहब आम तौर पर किसी

सिलेक्ट कमेटी के मेम्बर मुकर्रर नहीं होते । उन को छोड़ कर नैक्स्ट वैस्ट मैन, हमारे डिप्टी स्पीकर साहब, को मैंने अपनी तरफ से दरख्वास्त की थी कि वह उस कमेटी के चेयरमैन बनें । जिस कमेटी में डिप्टी स्पीकर साहब होते हैं, हमारे रूल्ज के मुताबिक वे उस के चेयरमैन होते हैं । मैं चाहता था कि जो हाइएस्ट आदमी हैं, उन पर यह जिम्मेदारी डाली जाय कि वे शिड्यूल बनाये । मुझे खुशी है कि आनरेबल मिनिस्टर साहब ने इस को कबूल कर के, जहां मैं जिम्मेदारी डालना चाहता था, वहां जिम्मेदारी डाल दी है । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि यह कानून सारे हिन्दुस्तान के लिये—सारी स्टेट्स के लिये—बनेगा और यह एक एग्जेम्पलरी होगा । जैसा कि श्री नाथ पाई साहब ने कहा है, यह सारे एशिया में अपनी एक मिसाल होगा । मैं चाहता हूं कि यह कानून इतना मुकम्मल बने कि जो गलतियां मदर आफ़ पार्लियामेंट्स ने की हैं वे भी हम न करें । मैं क्लेम करता हूं कि हमारा कांस्टीच्यूशन सारी दुनिया में सब कास्टीच्यूशन्ज से अच्छा है । हमारा यह एक्ट भी एक ऐसा नमूना बने, जिस पर एशिया यूरोप और सारी दुनिया के मुल्क चलें । आज हम हाउस आफ़ कामन्ज के कायदों पर चलते हैं और हम पाते हैं कि उन में इतनी खूबियां हैं, इतनी उमदा चीजें हैं, जिन को देख कर हमारा दिल लुभायमान होता है । अगर उससे बढ़िया नहीं, तो कम से कम ऐसा एक्ट हमारे लिये बने, जो कि उस के बराबर हो । इस नये एक्ट १९५७ की एक खास दफा की तरफ मैं आपको तवज्जह दिलाना चाहता हूं और वह दफ़ा है दफ़ा ११ । उसमें दर्ज है :—

The second schedule to the Representation of the People Act, 1949, which contains Parliamentary Election Rules and local election rules shall be amended by the addition, at the end of rule 9 of the Parliamentary Election Rules, of the following paragraph, that is to say:

> (2) A candidate's consent given under this rule shall contain a statement that he is aware of the provisions of the House of Commons Disqualification Act, 1957, and that to the best of his knowledge and belief, he is not disqualified to the House of Commons.

मैं यह चाहता हूं कि हमारे रिप्रेजेंटेशन आफ़ पीपल एक्ट में यही रूल बने । हर एक मेम्बर जहां यह लिखा होता है :

I give my consent to become a Member of Parliament

उसके साथ यह लिखा जाये : मैंने यह पढ़ लिया है और मैं इसके किसी शैड्यूल के अन्दर नहीं आता और मैं यह जानता हूं कि मेरे में यह डिसक्वालिफिकेशन नहीं है । यह चीज पेशतर इसके कि उसको खड़ा होने की इजाजत दी जाये, होनी चाहिये इसलिये उसके अन्दर यह रूल बनना चाहिये जैसा कि इस में है । इस रूल को बनाने से यह साफ़ जाहिर हो जायेगा कि वह शख्स खड़ा नहीं हो सकता । मेरे दोस्त के० सी० शर्मा साहब ने बड़े जोर शोर के साथ तकरीर की है और उसके दौरान में उन्होंने कहा है कि अगर कोई बड़ा भारी आर्टिस्ट हो या बड़ा भारी वकील हो उसको डिसक्वालिफिकेशन के दायरे में नहीं आना चाहिये । मैं इस चीज के मैरिटस में नहीं जाना चाहता । हमने कमेटी के अन्दर ऐसे लोगों को जो कहीं ब्राडकास्टिंग करें किसी रेडियो स्टेशन से उनको डिसक्वालिफिकेशन से एग्जेम्प्ट किया हुआ है । उनकी यह तजवीज तो हमने पहले ही मानी हुई है । वकीलों साहिबान का जहां तक ताल्लुक है, आम तौर पर पब्लिक प्रासीक्यूटर वगैरह होते हैं उनके वास्ते हमारी तजवीज यह है कि उसकी डिसक्वालिफिकेशन रिमूव न की

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

बाये । मेरी अब भी यही राय है कि उसकी डिसक्वालिफ़िकेशन रिमूव नहीं होनी चाहिये । लेकिन हमारे शर्मा साहब ने बड़े जोर शोर की तरकीर की और कहा कि मैम्बर आफ़ पार्लियामेंट एक अजीब तरह का जानवर होता है जो मामूली जानवरों से बहुत ज्यादा फौकियत रखता है । इस वास्ते उसके रास्ते में कोई रुकावट नहीं डाली जानी चाहिये । मैं मानता हूं कि मैम्बर आफ़ पार्लियामेंट एक ऐसा आदमी होता है जिस में लाखों आदमी अपना कान्फ़िडेंस देते हैं और वह ' जरूर अच्छा आदमी होना चाहिये । लेकिन यह तो वह चीज हुई जिस को लाजिक में कहते हैं कि उस चीज को जिसको कि हम साबित करना चाहते हैं एस्यूम (Assume) कर लेते हैं । इसमें यह दोष है । इस दोष को दूर किया जाना चाहिये । मैम्बर वही शख्स होना चाहिये जिस में दोष न हो, जिसमें कोई डिसक्वालिफिकेशन न हो जो कोई आफिस आफ प्राफिट न लिये हुये हों । सैक्शन १ क्लाज़ ४ ने इस चीज का फैसला कर दिया है । उसमें लिखा है :—

"Except as provided in this Act, a person shall not be disqualified from Membership to the House of Commons by reason of his holding an office or place of profit under the Crowu or any other office or place and a person shall not be disqualified for appointment to or for holding office or place by reason of his being a Member of that House."

जिसके माने यह हुये कि इस एक्ट के अन्दर जो जो आफिस आफ प्राफिट दर्ज हैं उनके अलावा अगर कोई शख्स आफिस आफ प्राफिट होल्ड करता है, वह डिसक्वालिफिकेशन नहीं होगी और साथ ही उन आफ़िसिस के वास्ते जो इसके अन्दर मैनशंड हैं उनके अलावा जितने भी आफिस आफ प्राफिट हैं उनके वास्ते मैम्बरशिप आफ पार्लियामेंट डिसक्वालिफिकेशन नहीं होगी । सैक्शन १ क्लाज़ ४ ने यह फैसला कर दिया है कि यह शैड्यूल खुद बिल्कुल आमय है, एक्सक्ल्यूसिव है, इसके अन्दर जो आफिसिस दर्ज हैं उनके अलावा कोई ऐसा आफिस नहीं होगा जो किसी को डिसक्वालिफाई करे । कानून हमेशा सर्टेन होना चाहिये । इस एक्ट की रू से इसको सर्टेन बना दिया गया है ।

उस जमाने में जब यह कानून विलायत में पास नहीं हुआ था, एक मशहूर अखबार टाइम्ज़ ने इस कानून के बारे में लिखा था उस वक्त जब यह सिलैक्ट कमेटी की स्टेज में था कि सिलैक्ट कमेटी ने बड़ा भारी एहसान किया है जो उसने एक शैड्यूल बनाने की कोशिश की है और उसने इंडिकेट किया है कि किस तरह का यह कानून होगा । टाइम्स ने एक आर्टिकल में लिखा था कि कानून सर्टेन हो और उससे पता चल जाना चाहिये कि आफिस आफ़ प्राफिट क्या है । हमारा शैड्यूल बने और वह सर्टेन हो और उससे यह बता चले कि आफिस आफ़ प्राफिट क्या है । इसके अलावा और कई चीजें इस एक्ट के अन्दर थी जिन का हवाला टाइम्स ने दिया जिन को पढ़ना मैं गैर जरूरी समझता हूं ।

इस वास्ते सब से पहली चीज जो हमें करनी चाहिये वह यह है कि हम एक शैड्यूल बनायें जिस में हम आफिस आफ प्राफिट का इंडिकेशन दें । वह एक आगे शैड्यूल होगा जिस के अन्दर सारे आफिस आफ़ प्राफिट आ जायेंगे । अगर सारे नहीं आयेंगे तो वह शख्स जो कि बावजूद उस शैड्यूल के अगर कहीं नौकरी कर लेगा तो उसको किसी सूरत में मैम्बरशिप से खारिज नहीं किया जायेगा । विलायत के एक्ट का एक चीफ मैरिट यह है । मैं

चाहता हूं कि हमारे ऐक्ट का भी चीफ मैरिट एक यह हो और यह चीज हमारे ऐक्ट के अन्दर भी आ जाये ।

हमारे ला मिनिस्टर साहब ने जो बिल पेश किया है वह एक नैगेटिव सा बिल है । उन्होंने तो यह कहा है कि फलां चीज डिसक्वालिफिकेशन नहीं होगी लेकिन यह बतलाने की तकलीफ नहीं की कि आफिस आफ प्राफिट है क्या । कौन कौन से आफिसिस हैं जिन को आफिस आफ प्राफिट कहा जायेगा । मैं यह मानता हूं कि यह एक बड़ा मुश्किल काम है । पहले तो आफिस की तारीफ करना मुश्किल है, फिर प्राफिट की तारीफ करना मुश्किल है और उसके बाद आफिस आफ प्राफिट की तारीफ करना मुश्किल है । जहां तक प्राफिट का सवाल है उन्होंने मौनेटरी प्राफिट को ही ख्याल में रखा है । चुनांचे उन्होंने लिखा है कि कम्पेंसेटरी एलाउंस से अगर नीचे या कम्पेंसेटरी एलाउंस की हद तक अगर कोई आफिस होगा जिस का उन्होंने जिक्र किया है, तो वह आफिस आफ प्राफिट नहीं होगा । गर्जेकि इसके अन्दर सिर्फ रुपये आने पाई का ही ख्याल रखा गया है और किसी दूसरी चीज का नहीं हालांकि इस कमेटी की रिपोर्ट में और सैकड़ों चीजें हैं जिन का हवाला उसमें दिया गया है । डा० अम्बेडकर, श्री सी० सी० विश्वास और बहुत से दूसरे मैम्बरों ने जिन्होंने उस मौके पर तकरीर की थी जब यह बिल बनाये गये थे, कहा था और साफ तौर से कहा था कि इसमें सिर्फ रुपये पैसे का सवाल नहीं है बल्कि ऐसा आफिस जो किसी को इस हालत में रखता है कि वह पैट्रेनेज दे सके, वह आफिस जिस में इन्फ्लुएंस बढ़ता हो, जिसमें एग्जेक्टिव फंक्शंस का एक्सरसाइज हो, रुपये पैसे के डिसबर्समेंट का सवाल हो, इस किस्म के आफिस भी आफिस आफ प्राफिट बनते हैं । जहां पर मैं प्रैक्टिस किया करता था, वहां पर एक वकील मजाक में कहा करता था कि मुझ को कोई तनख्वाह नहीं चाहिये मुझ को आनरेरी वाईस चेंसलर बना दें, आनरेरी मैजिस्ट्रेट बना दें, मैं राजी हूं । यह रुपये पैसे का मामला बहुत जरूरी है । जो सेलरी लेकर सरकार की नौकरी करता है, वह पार्लियामेंट का मेम्बर होने के किसी भी सूरत में काबिल नहीं है । आनरेबिल मिनिस्टर्स साहिबान की बात अलग से है और उनके बारे में मैं अलग से अर्ज करूंगा । लेकिन अगर किसी शख्स को ज्यादा पैट्रनेज मिलता है, ज्यादा डिगनिटी मिली है, ज्यादा अख्तियारात मिलते हैं, ज्यादा इन्फ्लुएंस मिलता है, किसी आफिस की रू से, तो वह आफिस आफ प्राफिट की जद में आता है । लेकिन यह बिल इसकी बिल्कुल परवा नहीं करता है । वह बिल यह डिफाइन नहीं करता कि आफिस आफ प्राफिट है क्या । इसकी तरफ से इतने बिल्कुल आंखें बन्द कर ली हैं । एक ही चीज का ध्यान रखा गया है कि कहीं कोई कम्पेंसेटरी एलाउंस से एक पैसा ज्यादा तो नहीं लेता जैसे कम्पेंसेटरी एलाउंस ही सब कुछ हो । कितने ही मिनिस्टर और कितने ही मैम्बर हमारे हाऊस में ऐसे हैं जिनको कम्पेंसेटरी एलाउंस पार्लियामेंट देती है, वह उनके सामने हेच है और उससे कई गुना ज्यादा वे गवर्नमेंट के कोफर्स में बतौर टैक्सों के अदा करते हैं । लेकिन जो ज्यादा जरूरी चीज है वह यह है कि पार्लियामेंट के मेम्बर इस काबिल न हों, इस प्रलोभन में न पड़ें कि वे अपनी स्वतन्त्र राय की परवा ही न करें और सोचें कि इस तरह से मुझ को फलां जगह मिल जायेगी । वे किसी मिनिस्टर के जेर एहसान नहीं होने चाहियें, गवर्नमेंट के जेर एहसान नहीं होने चाहियें । उन्हें अपनी आजादी बरकरार रखते हुये अपना काम ईमानदारी के साथ कर सकने के काबिल होना चाहिये । हमें सोचना चाहिये कि आया यह चीज पूरी होती है या नहीं ।

ला मिनिस्टर साहब ने कहा कि सोशलिस्टिक पैटर्न जो आने वाला है, उसमें

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

हमको बहुत से लोगो की जरूरत होगी, बहुत से ऐसे एक्सपर्टस की जरूरत होगी जो यहा पर आ कर बहस कर सकें। मेरा ख्याल है कि उनका यह नुक्तानिगाह उस व्हाइट आफ ब्यू से मेल नही खाता जो मै उनके सामने रख रहा हू। जो कमेटी हमारी बनी थी, वह हिन्दुस्तानियो की कमेटी थी, मैम्बर्स आफ पार्लियामेंट की कमेटी थी। हम चाहते है कि अगर मैम्बर इस काबिल है कि देश को आगे बढ़ा सकें, किसी लेबर प्राबलैम मे, किसी एजुकेशनल प्राबलैम मे, किसी हैल्थ प्राबलैम मे, तो वे जरूर मैम्बर बन सकें। हम को ऐसे मेम्बरो को काम करने के लिये एनकरेज करना चाहिये। लेकिन उसी के अन्दर हमने इसके आखिर मे दूसरा एक्सट्रीम काशन भी दे दिया है जिस के अन्दर ये दोनो ख्यालात रह सकें। जहा हम यह चाहते है कि मैम्बर पार्लियामेंट इन चीजो के अन्दर ज्यादा से ज्यादा काम करे और उनको ऐसा करने के लिये एनकरेजमेंट मिले वहां साफ तौर पर लिखा है कि मैम्बरो की आजादी, उनकी प्योरिटी और फ्रीडम फ्राम कोरप्शन से भी ज्यादा जरूरी चीज यह है कि उनको ऐसे आफिसिस पर मुकर्रर न किया जाय जिन के अन्दर वे यह सोचे कि हमारे ऐसा बन जाने से रुतबा बढ जायेगा, इज्जत बढ जायेगी, पैट्रनेज का अख्तयार हमें मिल जायेगा। इन दोनो चीजो का हमे ध्यान रखना होगा। किस हद तक हमे विलायत के कानून से मुख्तलिफ कानून बनाना होगा जहां पर कई सौ वर्षो से डेमोक्रेसी चलती आ रही है। वहां के लोगो की कई हैबिटस बाई ट्रेडिशन बन गई है जिन की वजह से उन के अन्दर उस तरह का प्रलोभन नही आ सकता। बल्कि हमारी जो कांस्टीट्यूशन है और दूसरा मुतलक़ा कानून है उसने हमें कई तरह के अहकाम दिये हैं। वे विलायत के कानून से कहीं ज्यादा है। हमको कोई अख्तयार नहीं हैं कि जिसके मेम्बर के साथ आफिस आफ प्राफिट अटैच होता हो उसको यहा बैठने की इजाजत दें।

लेकिन उन्होने अपने ही पास यह अधिकार रक्खा। यहा पर एलेक्शन कमीशन फैसला करता है वहां पर प्रिवी कौंसिल के तीन जजेज इसका फैसला करते हैं।

मैं जनाब की खिदमत मे अब उन ४, ५ सीगो की तरफ जाना चाहता हू जिनका कि जिक्र हमारे ला मिनिस्टर साहब ने इस बिल के अन्दर किया है। पेश्तर इसके कि मैं उनकी तरफ तवज्जह दिलाऊं, मै जनाब की तवज्जह सैक्शन १ पार्लियामेंट के उस ऐक्ट की तरफ दिलाना चाहता हू जिसके कि अन्दर वे आफिसेज दिये गये हैं जिनका कि आफिस आफ प्राफिट करार दिया गया है

"Subject to the provisions of this Act, a person is disqualified for the membership of the House of Commons who for the time being holds any of the judicial offices specified in Part I of the First Schedule to this Act"

इस फर्स्ट शेड्यूल मे उन जुडिशल आफिसर्स का जिक्र है। आम तौर पर हमारे देश मे वे जुडिशल आफिसर्स जो गवर्नमेंट की सैलरीज लेते हैं, वे पार्लियामेंट के मेम्बर नही हो सकते लेकिन ताहम मैं जानता हू कि कितनी कमेटीज ऐसी होती हैं जो जुडिशल काम करती हैं और उन पर पार्लियामेंट के मेम्बर्स मुकर्रर कर दिये जाते हैं और वे जुडिशल काम करते हैं। चुनाचे अजमेर मे एक ऐसी कमेटी है, ऐक्साइज अपील कमेटी, उसमे इस हाउस के एक मेम्बर साहब हैं और आज तक हमने यह नही कहा कि वे उस कमेटी के मेम्बर होने से डिस्क्वालिफाई हो जायेगे और उनको हक है कि वे मेम्बर बने

रहें। मैं अदब से अर्ज करना चाहता हू कि किसी भी सुडिशल आफिसर का इस पार्लियामेंट का मेम्बर रहना हमारे खास हालात में मुनासिब नही होगा और उनको इसकी इजाजत नही होनी चाहिए। इस सम्बन्ध मे सवाल उठता है कि हम अपने आनरेरी मजिस्ट्रेट का क्या करे, आनरेरी सिविल जजेज का क्या करें और आनरेरी रेवेन्यूज आफिसर्स का क्या करें। अगर खाली मैरिट्स पर देखा जाय तो मुझे कोई ऐतराज नही है अगर कोई आनरेरी जज या आनरेरी मजिस्ट्रेट यहा आकर देश की सेवा करना चाहता है और उनके यहा पर आने मे आम तौर पर कोई हुज्जत नही होनी चाहिए और जैसे कि विलायत में जस्टिसेज आफ दी पीस को डिस्क्वालिफिकेशन से एग्जम्पशन हासिल है उसी तरह इनको भी यहा पर हो लेकिन जब मैं अपने देश के खास हालात को देखता हू तो मैं यह कहे बगैर नही रह सकता कि वह चीज यहा के लिए मुनासिब नही होगी। मैं इस चीज से इकार नही करता कि हमारे आनरेरी जजेज और आनरेरी मजिस्ट्रेट में अच्छे से अच्छे लोग भी मौजूद हैं लेकिन आनरेरी मजिस्ट्रेट्स के इस्टीट्यूशन का अर्से से जो ट्रेडिशन चला आया है वह कोई अच्छा ट्रेडिशन नही रहा है, उसमें बुरी तरह से लोगो ने काम किया है यहा तक कि अंग्रेजी हुकूमत के जमाने मे लोग आनरेरी मजिस्ट्रेटो को टोडी बच्चा हाय हाय कह कर याद किया करते थे। हमारी कमेटी ने इस देश के खास हालात को देख कर ही यह फैसला किया कि ऐसे अशखास को छूट न दी जाय लेकिन इस बिल के अन्दर उसका कोई जिक्र ही नही है। अगर कोई आनरेरी मजिस्ट्रेट बन जाय और यहा पर पार्लियामेंट का मेम्बर बन जाय तो उसके वास्ते क्या होगा ? इस बिल की जद में वह आयेगा नही क्योंकि यह सिर्फ ऐग्जम्पशन देने का बिल है, आफिस आफ़ दी प्राफ़िट का बिल नहीं है। जब वह यहा पर आयेगा तो प्रेसीडेंट साहब के पास उसका केस हुक्म के लिए भेज दिया जायेगा। उसका आफिस आफ़ प्राफिट में जिक्र नही है लेकिन उसके अख्तियारात हैं, उसको इज्जत और पैट्रोनेज मिली हुई है और उस वक्त यह फैसला करने मे दिक्कत होगी कि आया वह आफिस आफ प्राफिट है या नही और यह कि वह इस हाउस मे बैठ सकता है या नही बैठ सकता है। इसीलिए मैं चाहता हू कि यह शेड्यूल मुकम्मिल होना चाहिए और जो शख्स पार्लियामेंट की मेम्बरी के लिए खडा हो उसको मालूम हो कि मैं कहा खडा हू और मुझे खडा होना चाहिए कि नही। विलायत के अन्दर जस्टिसेज आफ दी पीस खडे हो सकते है लेकिन हमारी कमेटी नही चाहती कि वैसा ही यहा इस देश में हो और यह आनरेरी मजिस्ट्रेट और सिविल जजेज वगैरह जहा हैं वही रह कर ईमानदारी के साथ अपना काम करते जाय। इन अशखास की जैसी रैपुटेशन है और जो उनके ट्रैडिशंस रहे हैं वे इस काबिल नही हैं कि हम उनको एग्जम्पशन दे सके।

इस बिल मे जो दूसरी मद है वह यह है

"Whoever is employed in the civil service of the Crown whether in an established capacity or not, or whether whole or part of his time."

इस मौजूदा बिल में पार्ट टाईम आफिसर्स लिख कर मिनिस्टर साहब ने एक ब्लैंक चेक दे दिया है। हमारी कमेटी ने यह रिपोर्ट की थी कि ऐसे अशखास जो गवर्नमेंट से सैलरीज हासिल कर सकते हैं या किसी तरीके से गवर्नमेंट एम्पलाय में हैं चाहे पार्ट टाईम भी हैं, हम नही चाहते कि ऐसे अशखास पार्लियामेंट के मेम्बर बन सके। गवर्नमेंट का यह बिल उस कमेटी की रिपोर्ट के बरखिलाफ जाता है और जो हालात कि हमारे यहा पर आज सैकडो वर्षों से मौजूद है और आज भी क़ायम हैं, उनके बरखिलाफ हैं, चुनाचे मैं चाहता हू कि यह क्लज ऐबसोलूट कर दिया जाय और सेलेक्ट कमेटी ऐसे सब सिविल एम्पलाईज को चाहे वह गवर्नमेंट की इम्पलाय

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

में हो अथवा किसी अन्य शख्स की किसी कैपेसिटी में इम्पलायड हो, उनको यहा पार्लियामेंट में आने की इजाजत नही होनी चाहिए और मेम्बर बन कर यहा पर बैठने की इजाजत नही मिलनी चाहिए। मैं जानता हूं कि जब मैं किसी शख्स के खिलाफ डिस्क्वालिफ़िकेशन लगाता हूं तो यह सीरियस डिस्क्वालिफिकेशन है लेकिन जैसे हमारे देश के हालात है उनके देखते हुए हमारे देश के इंटरेस्ट में यही है कि हम गवर्नमेंट के किसी आदमी को जिसके कि ऊपर गवर्नमेंट का इस तरीक़े का कोई असर हो कि उसकी राय के ऊपर काबू पा सकती है, हमे इस डैकेड प्रीसिक्ट्स आफ दी हाउस में उसे दाखिल होने की इजाजत नही देनी चाहिए। अगर हम चाहते है कि हमारे देश की आजादी बरक़रार रहे तो हमको इस तरह की पाबन्दी रखनी लाजिम है।

मैं यहा पर उस चीज का भी जिक्र करना चाहता हूं जिसका कि हमारे आनरेबुल मिनिस्टर साहब ने क़ानून में ब्लैंक चैक दिया है और जिसे कोई भी मेम्बर कबूल नही करेगा मालगुजार, देशमुख, पटेल वगैरह जो कि दफ़ा १२३ के सब सैक्शन ८ की जिम्न में आते थे और इस वजह से यह हुक्म था कि वे अशखास अगर किसी पार्लियामेंट के लिए खड़े होने वाले शख्स के लिए एलेक्शन में काम करेंगे तो उस शख्स का एलेक्शन इस बिना पर नाजायज क़रार दे दिया जायगा कि उसने गवर्नमेंट आफ़िसर्स की इमदाद एलेक्शन में हासिल की। चुनांचे अब मेरे एक भाई ने मिसाल दी थी कि किसी शख्स की एक गाव के मुखिया ने पार्लियामेंट के एलेक्शन के वक्त उसकी इमदाद की थी और उस बिना पर सुप्रीम कोर्ट में उसका एलेक्शन नाजायज क़रार दे दिया। मैं किसी आदमी के बरखिलाफ़ जो कि पबलिक का काम करता हो, कुछ कहना नहीं चाहता लेकिन मैं नही चाहता कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार और थानेदार वगैरह जिनकी कि बाबत मैं जानता हूं कि वे सब किस तरह काम करते हैं और मैं पूछता हूं कि कौन उनके बारे में नही जानता, मैं ऐसे अशखास इस दरवाजे के अन्दर दाखिल नही होने देना चाहता और मैं चाहता हूं कि ऐसे अशखास को यह ऐग्जम्पशन न दिया जाय।

अब मालगुजार का सवाल आता है तो मालगुजार कोई गवर्नमेंट का नौकर तो होता नही है और कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि जिन आदमियो के बारे में पूरी तहकीक़ात न की हो उनके बारे में हम चाहते हैं कि गवर्नमेंट तहकीक़ात करे और इस अम्र का फ़ैसला करे कि आया उनको ऐग्जम्पशन मिले कि नहीं। अब जहां तक मालगुजार का सवाल है तो मैं भी एक मालगुजार हूं, गवर्नमेंट को लैंड रेवेन्यू देता हूं और मैं समझता हू कि इस हाउस में ८० या ९० परसेंट मेम्बर्स ऐसे होंगे जिनके पास कुछ न कुछ जमीनें होगी और वे मालगुजारी देते रहेंगे और मैं समझता हू कि उसके बरखिलाफ कोई ऐसी चीज नही है जो उसको डिस्क्वालिफाई किया जाय अलबत्ता अगर एक मालगुजार के लिए यह माना जाय कि कि वह मालगुजारी में से कुछ हिस्सा अपने पास रखता है बतौर कमीशन मालगुजारी इकट्ठा करने की उजरत के तौर पर और बाक़ी हिस्सा जाकर सरकार के खजाने में दाखिल करता है तब तो बात दूसरी है। लेकिन तहसीलदार और थानेदार, जैलदार, तालाटी वगैरह जिनके कि बारे में हर कोई जानता है कि वे किस तरह काम करते हैं, वे अगर यहां पार्लियामेंट में घुस आते हैं तो उसका हमारे देश की आजादी पर खराब असर पड़ेगा।

मैं चाहता हूं कि सेलेक्ट कमेटी उन तमाम ओहदो की जिनकी कि फ़ेहरिस्त दे दी गई है, उनके बारे में तहक़ीक़ात करके अपनी रिपोर्ट दे कि उन ओहदों को पार्लियामेंट की मेम्बरी के लिए छूट दी जाय कि नहीं।

सम्बरदार के लिये मुझे सिर्फ यह अर्ज करना है कि पंजाब गवर्नमेंट ने दफ़ा १२३ के सब सेक्शन (८) से यह छूट दे दी है और मैं चाहता हूं कि सम्बरदार के बारे में जांच की जाय कि आया वह अपने छोटे छोटे जो पैटी अफ़सरान हैं, उनके क़ाबू में होगा कि नहीं। मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि चूंकि पंजाब गवर्नमेंट ने १२३ (८) से ऐग्जम्पशन दी है और वह पार्लियामेंट के मेम्बरशिप के लिए खड़ा हो सकता है और जिसे कमेटी ने पार्लियामेंट की मेम्बरी के लिए लिखा है, मैं चाहता हूं कि उसको छूट दी जाय लेकिन जहां तक बाक़ी पैटी आफिशियल्स जैसे रैवेन्यू आफिसर्स वगैरह हैं उनको मैं नहीं चाहता कि इस तरह की छूट दी जाय। हर केस अपनी मैरिट पर देखना चाहिए और मैं चाहता हूं कि जिन ओहदों के बारे में कमेटी ने लिखा है उनके बारे में तहक़ीकात की जाय। अब मैं देश के दूसरे हिस्सों के हालात से वाकिफ नहीं हूं कि "देशमुख" वगैरह ओहदों के लिए मैं कह सकूं कि वह इस काबिल हैं कि नहीं कि उनको ऐग्जम्पशन दिया जाय या न दिया जाय। मैं पंजाब के बारे में जानता हूं और पंजाब के बारे में मैं अर्ज करता सकता हूं। बाकी सेलेक्ट कमेटी को हक होगा, उसका यह फर्ज होगा कि आइन्दा वह इस चीज की तहक़ीकात करे। हमारे आनरेबल मिनिस्टर साहब ने तो बिल्कुल कार्ट ब्लैंश राइट दे दिया है। मैं इसका बिल्कुल मुखालिफ़ हूं क्योंकि यह हमारी इंडपेंडेंस पर बड़ा खराब असर करेगा।

तीसरी जो चीज आती है वह आर्म्ड फोर्सेज की है और चौथी चीज है 'मेम्बर्स आफ दि पुलिस फोर्स, इन्टेन्ड बाई दि पुलिस अथारिटीज'। जहां तक पुलिस का सवाल है, हमारी कमेटी ने इस के बारे में कुछ नहीं लिखा क्योंकि एक सिपाही जो गवर्नमेंट से तनख्वाह पाता है वह डाइरेक्टली गवर्नमेंट से कनेक्टेड है और किसी सूरत में उसे इजाजत नहीं दी जा सकती कि वह हाउस का मेम्बर बन जाय।

आगे इस बिल के अन्दर जिक्र है कोलेज आफिसर्स का, टैरिटोरियल आर्मी वालों का। कुछ जिक्र किया गया है होमगार्ड्स का। मैं चाहता हूं कि जहां तक इनका सवाल है, उसको मैरिट्स पर देखा जाय। अगर वह गवर्नमेंट के इतने काबू में हैं कि वह इंडिपेंडेंस कायम नहीं रख सकते तो वह किसी भी फोर्स के मेम्बर हों, उन को यहां आने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। कल हमारे एक आनरेबल मेम्बर ने जिक्र किया कि अगर ऐसा शख्स यहां आएगा तो क्या वह आर्मी के मामले में हमारे आनरेबल मिनिस्टर साहब के खिलाफ कुछ कह सकेगा? अगर आपने ऐसे मेम्बरों को रक्खा तो इससे हमारी आर्मी का ही नुक्सान होगा। जहां तक आनरेरी आफिसर्स का सवाल है, जो रेगुलर फोर्स में नहीं है, हमने उन के लिए कानून बनाया है, जिस में पब्लिक के आदमी देश की सर्विस कर सकते हैं, वह इन चीजों के अन्दर नहीं आएंगे जो कि रेगुलर आर्म्ड फोर्स के आदमियों पर लागू होती हैं। इस के अलावा जनाब मुलाहजा फरमाएं, इंग्लिश ला में भी लिखा हुआ है:

> "(6) a member of a Legislature of a country or territory outside the Commonwealth."

Mr Speaker: This is being sent to the Select Committee. The hon. Member may be brief. It is not as if we are now deciding one way or the other regarding the matter.

पंडित ठाकुर दास भार्गव: मैं इस को यहीं छोड़ता हूं, लेकिन मैं अर्ज करता हूं कि जहां तक शेड्यूल का ताल्लुक है, यह शेड्यूल हमें जरूर बनाना पड़ेगा। हमें इससे कोई एस्केप नहीं है। हमें शेड्यूल बनाना ही पड़ेगा और उस में सब आफिसर्स को दर्ज करना होगा। जैसा मैंने विलायत के ला से पढ़ कर सुनाया, मैं जनाब की तवज्जह उसकी तरफ दिलाना चाहता हूं। आम तौर पर हर एक लेजिस्लेचर में यह दिक्कत नजर आती है। जब आम तौर से मिनिस्टर्स को

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

इजाजत दी, कहा कि मिनिस्टर्स आफिस आफ प्राफिट में नहीं आते, तो कहा गया कि हम नहीं चाहते कि एक सौ मेम्बर आफ मिनिस्टर्स इस हाउस में आकर बैठें, १०० या १५० मिनिस्टर्स आकर बैठ जाएं और हमारे वोट पर पानी फेर दें। वहां विलायत में इसके लिए यह किया गया कि ७० से ज्यादा आदमी ऐसे नहीं होंगे जो मिनिस्टर्स हो सकें और उनमें से २७ आदमियों से ज्यादा को वोट देने का हक नहीं होगा। मैं चाहता हूं कि इस किस्म का कोई सैलूटरी सा यहां भी हो। जहां तक गवर्नमेंट आफ इण्डिया की मौजूदा शक्ल का सवाल है, इस के अन्दर जरूरत से ज्यादा मिनिस्टर्स नहीं हैं। लेकिन मैं चाहता हूं कि कभी उन की तादाद इतनी एक्सेसिव न पहुंच जाय जो नान आफिशल ओपीनियन को आफिशल ओपीनियन रिजेक्ट कर दें। मुझे एक ऐसा मामला याद है जबकि आफिशल ओपीनियन ने नान आफिशल ओपीनियन को डिफीट दे दी थी। मैं वह चीज दुबारा नहीं देखना चाहता। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में इस चीज का जिक्र किया है लेकिन इसके लिए हमने कोई राय नहीं दी, क्योंकि ऐसे हालात पैदा नहीं हुए थे। लेकिन अब चूंकि हम वाजेह कानून बनाना चाहते हैं, इसलिए मैं चाहता हूं कि ऐक्ट के अन्दर इस चीज को ध्यान में रक्खा जाय और यह फ़ैसला किया जाय कि इससे ज्यादा तादाद मिनिस्टरों की नहीं होगी। मिनिस्टर की जगह आफिस आफ प्राफिट को करार देने के यह माने नहीं हैं कि मिनिस्टर इस हाउस में आएं और वह सारे हाउस को स्वैम्प कर दें। मैं कमेटी से यह उम्मीद करूंगा कि वह इस का पूरी तरह से मुताला कर के सब तरह से इस हाउस की आजादी को कायम रखने की कोशिश करेगी।

इसके अलावा मैं इस बिल में जो कि हमारे सामने है, एक नई चीज देखता हूं। अब तक सिर्फ ऐडवाइजरी कमेटी की मेम्बरशिप का सवाल था, उसी के वास्ते लिखा गया था, ऐक्ट में भी यही लिखा गया था कि जब तक किसी का पोजीशन ऐसा न हो कि वह किसी को पैट्रनेज दे सकता हो, या इंफ्लुएंस कर सकता हो, तब तक आम तौर से ऐसा होना चाहिए कि उसे आफिस आफ प्राफिट न करार दिया जाए और उस को ऐग्जम्पशन दिया जाये। लेकिन ऐसा मालूम होता है कि जो बिल मिनिस्टर साहब लाए हैं, उस में सारी चीज पर पानी फेरा जा रहा है और एक नई कैटेगरी बनाई जा रही है, जिस कैटेगरी से मुझे डर लगता है कि पता नहीं आइन्दा वह क्या बनेगी। उन्होंने कैटेगरी ३ आफ एच में लिखा है :

> "(h) an adviser created temporarily for the purpose of advising the Government or any other authority on any matter of public importance."

14 hrs.

मुझे फिलवाकया सबसे ज्यादा डर इस जिम्न से लगता है। आप ऐडवाइजर मुकर्रर कर दीजिये उसका नाम तो आप ऐडवाइजर रख दीजिए लेकिन उसे सब पावर्स दे दीजिए, जुडीशल और एग्जिक्यूटिव, तहकीकात करने की, नौकर मुकर्रर करने की, सब तरह की। आप तो कहते हैं कि ही इज ऐन ऐडवाइजर। किस चीज का ऐडवाइजर? "फार दी गवर्नमेंट आफ एनी अदर अथारिटी" जितने आप के कारपोरेशन हैं सब के लिए आप ऐडवाइजर मुकर्रर कर दीजिए, कह दीजिए कि तुम को यह अख्त्यारात हैं

"On any matter of public importance." What is a matter of public importance?

मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि इतने वेग अल्फाज रक्खे गए हैं कि आफिस आफ प्राफिट के जो कानून आप बना रहे हैं, वह बड़े डेन्जरस हैं। मैं नहीं जानता कि वह कहां पर स्टैन्ड करते हैं। इसमें जो अनसर्टेन्टी और वेगनेस है, जो इनडेफिनिटनेस है, वह सबसे ज्यादा इसका कंडेम्नेशन है।

में अर्ज करूंगा कि आप ऐडवाइजर मुकर्रर कीजिए, उस के अन्दर कम्पेन्सेटरी अलाउंस ज्यादा न हों, मुझे कोई ऐतराज नहीं है, जब तक वह ऐडवाइस देता है। लेकिन कमेटी ने रिपोर्ट में लिखा है कि ऐसी चीजें ऐडवाइजर को भी करप्ट कर सकती है जैसे नौकरी देने का हक, पैट्रनेज देने का हक, डिस्बर्समेंट आफ फंडस का हक। यह लोग हमेशा देखा करेंगे कि गवर्नमेंट ने हमें ऐडवाइजर मुकर्रर किया है, हम कैसे गवर्नमेंट के खिलाफ वोट दे। मैं चाहता हूं कि मिनिस्टर साहबान को अपने को इस चीज से दूर रखना चाहिए कि वह किसी पार्लियामेंट के मेम्बर को पैट्रनेज दे सकें। पार्लियामेंट के मेम्बर को तो ऐसी पोजीशन अख्तियार करनी चाहिए कि वह दुनिया में परमात्मा के सिवा और कंट्री के इन्टरेस्ट के सिवा किसी की परवाह न करे। आप ऐडवाइजर को इस में से अलग कर दीजिए, कम से कम उन ऐडवाइजर्स को जो इस तरह के इंफ्लुएंस की एक्सर्साइज करते हैं। इसमें तो हमारे मिनिस्टर साहब ने इन लोगों को एक कोर्ट ब्लैश दे दिया है। यह ठीक नहीं है।

इसमें वाइस चांसलर की जो चीज रक्खी गई है, उस के बारे में मुझे ज्यादा कहना नहीं है, गो मैं जानता हूं कि वाइस चान्सलर को आफिस आफ प्राफिट करार दिया जाय, लेकिन कमेटी ने यह तय किया कि सब चीजों पर गौर करने के बाद यह मालूम होता है कि वह जरूर ऐसा ओहदा है जिसे आफिस आफ प्राफिट करार दिया जाय। हम को इस हाउस के अन्दर वाइस चान्सलर्स का तजुर्बा है, कई वाइस चान्सलर इस हाउस के मेम्बर रहे हैं। इस हाउस के तजुर्बे से ही श्री सी० सी० बिस्वास ने यह राय दी थी कि वाइस चान्सलर की जगह को आफिस आफ प्रोफिट करार दिया जाय। दूसरी राय भी हो सकती है क्योंकि वह यूनिवर्सिटीज से ताल्लुक रखने वाले हैं। वह काबिल आदमी होंगे, लेकिन महज काबिलियत ही काफी वजह नहीं है। हम को वह करार देना चाहिए कि जहां उन्हें ज्यादा काबिलियत दिखलाने की जरूरत है, उस ओहदे का कर छोड़ कर इस पार्लियामेंट में आ कर बैठें, यह ठीक नहीं है। फिर हम यह भी नहीं चाहते कि यहां ऐसे मेम्बर आएं जो कि हमेशा यहां हाजिर न रहें, यह बिल्कुल इन्कम्पैटिबल है। यह पहला फर्ज है, यह मेम्बर की एसेन्शल क्वालिटी है कि वह सात महीने तक यहां आकर बैठे, और सब चीजों को पीछे छोड़ दे और इस हाउस में अपने फर्ज को अदा करने में कोताही न करे। मैं नहीं जानता कि कोई भी वाइस चान्सलर यहां आकर इतना वक्त दे सकेगा। मैं कहना चाहता हूं कि इन्कम्पैटिबिलिटी के प्वाइंट आफ व्यू से यह फैसला ठीक है। मैं अपने मिनिस्टर साहब की काबिलियत की दाद देता हूं जिन्होंने आने वाले सोशलिस्ट पैटर्न का ख्याल कर के यह किया कि जो आदमी यहां आने के काबिल हो, उन को यहां आने से न रोका जाय। मैं इस चीज की दाद देता हूं लेकिन चूंकि आनरेबल मिनिस्टर साहब खुद इनकरपटिबल है, वह नहीं जानते कि करप्शन क्या चीज है। अगर उन को दुनिया का तजुर्बा होता कि लोग किस तरह से आते हैं और कितना फायदा उठाते हैं तो उनको पता चलता कि वाकई ऐसे लोग ऐसा कुछ हवाई बनाते हैं और पार्लिमेंट की प्योरिटी और मेम्बरान की आजादी रखने के नुकताह ख्याल से उन्हें ऐसा बिल न बनाना चाहिये था।

मैं इस वास्ते अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि कमेटी ने जो असली असूल रख दिये हैं उन उसूलों से तजावुज न किया जाये। बहुत सारे मेम्बर पार्लियामेंट ऐसे हो सकते हैं कि जिनको किसी कमेटी का मेम्बर बनाकर या और किसी तरह से सेवा ली जा सकती है। मैं तो समझता हूं कि उनको ऐसा करने का मौका न देना देश को उनकी सेवा से महरूम रखना है। इसलिए मैं चाहता हूं कि बशर्ते उनके इंडिपेंडेंस में फर्क न आने पाये, हमको उन मामलात में मेम्बर पार्लियामेंट से मदद

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

लेनी चाहिए जिनमें वे अहल हों। यह असूल भी कमेटी ने देखा है और मैजारिटी ब्यू यही थी जो कि मैं कह रहा हू गो कि माइनारिटी तो यह चाहती थी कि हर आफिस आफ प्राफिट को डिस्क्वालिफिकेशन समझा जाये। हम जानते थे कि अभी हमारे देश की यह हालत है कि बहुत से मामलों में काम करने की महारत पार्लियामेंट को हासिल है। लेकिन हमको यह उसूल नहीं भूलना चाहिए, और हमको खास तौर से विलायत के तजरबों से सबक सीखना चाहिए कि हमें इस देश के अन्दर ऐसी पार्लियामेंट रखनी है कि जिसका हर एक मेम्बर आजाद हो, हर एक मेम्बर ईमानदार हो, जो गवर्नमेंट के हर इनफ्लूयूएंस को स्टेंड कर सके और वही काम करे जो कि देश के लिए अच्छा हो। यही असूल है इस आफिस आफ प्राफिट के कानून का। अगर हम इस असूल से डिपार्ट करेंगे तो हम गलती करेंगे।

मैं ज्वाइंट कमेटी से दरख्वास्त करूंगा कि वह इस कमेटी की रिपोर्ट का ख्याल रखें और विलायत के ऐक्ट के उसूलो को ध्यान में रखें।

मैं आपका शुक्रिया अदा करता हू कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया ताकि मैं अपने ख्यालात का इजहार कर सकू।

Shri Yajnik (Ahmedabad): Mr. Speaker, the work of the Opposition has been considerably facilitated by the exhaustive criticism to which Pandit Thakur Das Bhargava has subjected this Bill. I am also glad to see that Parliament has taken the initiative in this matter. We are all thankful to the Committee that has gone into this subject with great care, with great precision and so exhaustively and placed before us the main principles which should guide us and the House in framing a new Bill on the subject.

The three principles that emerge from this discussion, in my opinion, are that persons holding an office of profit should have sufficient time to devote to Parliament, secondly, that they should be able to work independently of Government, that is to say, they should not be subject to the executive policies of the Government and thirdly, they should not be, whether taking money or not or any honorarium or not, in a position to influence unduly people who are working under them or people within their jurisdiction In view of the principles that have been enunciated by hon. friend, if we look at the concrete instance of the Vice-Chancellor, it is quite obvious that either a Vice-Chancellor does not perform his duty towards the University or he is not able to work faithfully as a Member of Parliament The special consideration that has weighed with us also is that a Vice-Chancellor is, after all, carrying out the educational policies of Government as an executive head of a university How can that Vice-Chancellor bring an independent mind to bear on the subjects that come before him, and how can he be the head, not merely titular, but the true executive head and intellectual head of an educational organisation?

Then, we must also realise that the Vice-Chancellor exercises enormous influence over a post of professors and lecturers, and perhaps hundreds or thousands of students, and taking human nature as it is, if a Vice-Chancellor stands as a Member for Parliament, naturally the whole host of professors and lecturers and salaried servants and several hundreds students also would work as an army of electioneering agents. Whether they would come within the purview of the law or not is a different thing, and many things are done that cannot be proved. In any event, this Parliament and every Member should like, Caesar's wife, be above suspicion, and therefore I would certainly urge Government to disqualify any and every Vice-Chancellor from being a Member of Parliament.

Something has also been said about home guards. I have seen something of the home guards as a man of the districts. There is not much difference between a home guard and the policeman in time of emergency. We of the Opposition are very often involved in many movements, and however peaceful the movements, often enough they are interfered with by the police to whom the home guards are attached. Apart from politics, I know of instances in which the home guards have been even more zealous instruments of erroneous Government policies, and they have not hesitated to shoot people when the police, burdened with a sence of responsibility, have held their hands. So, a home guard is appointed a home guard by the executive Government. Then there is the whole heirarchy of officials, and I certainly would request the Government to drop the home guards from the list of exemptions

Then there are these statutory bodies, and their chairmen and governors are also sought to be exempted by this Bill. This has certainly been done in the teeth of, in flagrant opposition to, the recommendations of the Bhargava Committee, and Pandit Thakur Das Bhargava has said quite a lot in the most eloquent and in the most persuasive terms.

Fancy a chairman or a director of a finance corporation being a Member of Parliament. We have to deal with these things every time, the working of these finance corporations, the Coffee Board, the Tea Board, the commodity boards and other statutory bodies which are aided by Government, which are working with Government finances and which have very wide powers and control a great amount of patronage, which are in a position to dispose of many important appeals, which also distribute funds as loans and otherwise. And the Boards may go on increasing.

It is absolutely necessary that all these men, however high and mighty they might be, however capable, however efficient they might be, should not be Members of Parliament. They might be entrusted with work of the highest responsibilty by Government no doubt, but that does not qualify them for being elected to this House.

There is enough room for talent in India. The biggest engineers, the biggest scientists are doing things that most of us cannot do. Their position, the position of many of them, is much higher than that of any of us, but that does not qualify them for being Members of this House where absolutely independent judgment should be brought to bear on every question that is before them. This House has not the monopoly of all wisdom in this country. Let wisdom fructify all over the land.

A friend complained about a M.P. lawyer's abilities not being available to the Supreme Court in an important case. Well, there are great lawyers, and they are performing eminent services perhaps to this land in many capacities, but they need not be in this House. This House can do without them What we, above all, desire is thorough independence of the executive. Reading the British law and case law we see how zealous Parliament was in keeping its Members absolutely away from the influence of the Crown in those old days. We should be as zealous even in the circumstances of our Republic in seeing that all Members of Parliament are absolutely free from the all-pervasive influence of the executive, and they should not be tied down to any policies of the executive which they would not be in a position to judge independently as Members of Parliament.

I do not want to take much of the time of the House, but I want to place the greatest emphasis on these village revenue officials. I am a rural

[Shri Yajnik]

man and have been working many year in the countryside as many of our friends are doing. I know, and we all know, the role of the village revenue official. Unfortunately, the words used here are: "the office of village revenue officer, such as...." which is only by way of illustration. So, if the Law Minister likes it, he can just chop off the rest of it.

And what is the village revenue official doing? Is he just a country gentleman? Is he occupying an ornamental post? Is he there just to be a host to all good people who come to the village? Is he merely a welfare officer? He is a revenue officer, and a revenue officer has to collect revenue, and collecting revenue is a big job.

So, in the first instance, I cannot understand how any revenue officer who is responsible to the executive Government for collection of land revenue—and that is a big item in our income today—can afford to spend seven, six, five or even four months out of his constituency, out of his petty, puny village. It is impossible for him to do so

More than that, he is not capable of bringing to bear any independent judgment. His mind is largely governed by the rural atmosphere to which he is attached, and he naturally looks at everything from the point of view of the executive of which he is only an agent. Because, after all, he is an instrument of the executive Government that cannot be denied; as a revenue officer.

Then, what influence does a revenue officer hold? We all know what the role of the revenue officer was in the olden times under the British Government. The revenue officers were the props of the British Government. It was they who created the greatest difficulties in the way of the Congress propaganda in the initial stages. It was they who urged the police to use the lathis most on the Congress volunteers. They are the bed-rock of the old feudalistic society. They are the bosses, and they are masters of the countryside. They are the tyrants. They please, and co-operate with the well-to-do people in the village and exploit and terrorise the poor. These men, by force and by threat of force, are a real power in the village. Can they ever be expected to be the shining lights of a House of Parliament?

Again, Pandit Thakur Das Bhargava has reminded us that according to the Representation of the People Act, a candidate cannot avail himself of his assistance in winning an election. Is that man, who could not uptill now act as a candidate's agent in an election, to be a candidate for election to Parliament? It surpasses my imagination how such a clause could have been introduced in this Bill. This provision especially about the village revenue officer is the most obnoxious provision, and I hope that the Joint Committee to which this Bill is being committed will remove that clause lock, stock and barrel.

I joint with Pandit Thakur Das Bhargava in hoping that the Joint Committee will take into consideration all the points that have been placed before this House, and especially those that have been placed so eloquently by the chairman of the committee that was appointed by the Speaker, and give us not a piecemeal or fragmentary Bill such as we have today before us, which would not be worthy of us, but a really comprehensive and exhaustive Bill, not only in the interests of the purity and sanctity of this House but also for the guidance of the would-be candidates and for the edification, enlightenment, progress and prosperity of our country.

Mr. Speaker: I now call upon Shri Achar. After him, I propose calling upon Shri Sarju Pandey. Each one

of them will have ten minutes. We must close this debate by three o'clock. I shall then call upon the Law Minister. How long does he propose to take?

Shri A. K. Sen: Not more than half an hour.

Shri Achar (Mangalore): I am very glad the Bill is going before a Joint Committee, because I consider this Bill to be a very important one *from the point of view of building up* healthy democratic traditions in our country.

The basic principles have already been stated especially those with regard to the independence of the Members of a legislature, whether it be at the Centre or in the States. The Law Minister, while moving the motion laid great stress on experts He made an eloquent appeal that great engineers, great doctors and great scientists, even if they were holding offices of profit, should be allowed to enter this Parliament as well as the State legislatures That is an aspect which has certainly got to be very seriously considered This must be gone into in very great detail in the Joint Committee But, for my part, I would say that these experts are not so very essential, from the point of view of having a democratic House.

If we take even an ordinary text-book on the elements of politics, we shall find that the essence of democracy is not expert knowledge. Earlier writers like Professor Sidgwick and also the subsequent writers have laid great emphasis not on expert knowledge or on the greatness of a man of science or anything of that nature, but on something else. It is not that which helps to build up a healthy democracy or a good House of Parliament. The greatest characteristic that is required of a parliamentarian is that he must represent an interest with which he is identified. That is the first essential of democracy. A man who is interested in a matter is the best representative, and not an expert. Take, for example, experts like C. V. Raman or Bose Would they like to come to Parliament? Certainly, such great scientists or such great literary men would not come to Parliament.

Shri C. R. Pattabhi Raman (Kumbakonam): Why not?

Shri Achar: You would probably get only second-rate engineers, second-rate doctors and second-rate lawyers into Parliament. The first-rate men would not be coming to Parliament Besides, even if we get very great experts in science, or medicine or law in a House, would that House make a good House of Parliament?

I would like to remind this House of one incident that is reported in the history of the British Parliament, the Mother of Parliament. A great scholar and a great literary man—I need not mention the name; I think it was probably Lord Bacon—....

Shri C. R. Pattabhi Raman: Haldane.

